# सैन्यकर्मियों को कम फीस पर पढ़ाएगा यूपीईएस

देहरादून, 31 जुलाई (नवोदय टाइम्स) : मल्टीडिसिप्लनेरी यूनिवर्सिटी यूपीईएस और सैन्य कर्मियों, उनके परिवारों और आश्रितों की शैक्षणिक योग्यता को अपग्रेड करने के लिए समझौता किया है। यूपीईएस के रजिस्ट्रार और ट्रेनिंग व प्लेसमेंट डायरेक्टर मनीष मदान और भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून के कर्नल इंस्ट्रक्टर, कर्नल वीकेएस रावत ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। पांच साल के सहयोग समझौते के अनुसार, यूपीईएस सेना के कर्मियों के बच्चों और जीवनसाथियों को उनकी एकेडमिक उपलब्धियों के आधार पर विभिन्न छात्रवृत्तियां और रियायतें प्रदान करेगा, जिसमें कक्षा 12वीं, जेईई, या सीयूईटी स्कोर में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों (95 प्रतिशत या उससे अधिक अंक के साथ) के लिए 30 प्रतिशत तक की ट्यूशन फीस माफी और यूपीईएस के विभिन्न स्कूलों में एमबीए, बीबीए, बीटेक, एलएलबी और अन्य यूजी प्रोग्राम में आरक्षित सीटें शामिल हैं।

**■ यूपीईएस और सेना के बीच हुआ एमओयू आसानी से प्रवेश के साथ ही स्कालरशिप भी दी जाएगी**

यूपीईएस सेना के अधिकारियों को पार्टटाइम पीएचडी प्रोग्राम भी प्रदान करेगा। जो सेना की जरूरतों के अनुरूप एविएशन, एरोनॉटिक्स, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, साइंस और टेक्नोलॉजी, लीगल स्टडीज और लॉजिस्टिक्स एंड सप्लाई चैन जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा। इसमें पीएचडी डिग्री, ई-लाइब्रेरी एक्सेस, शार्ट-टर्म विजिट्स के लिए लोकल हॉस्पिटैलिटी और स्टडी लीव्स के दौरान अनुरूप कार्यक्रम, भारतीय सेना के भीतर शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए शोध गतिविधियां शामिल हैं।



इसके अतिरिक्त, शोधकर्ताओं को उपलब्धता के आधार पर शार्ट- टर्म विजिट्स के लिए गेस्ट हाउस आवास प्रदान किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, यूपीईएस का डिजिटल लर्निंग वर्टिकल यूपीईएस ऑनलाइन, आर्मी अधिकारियों को एमबीए, बीबीए, बीसीए, पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम और अपस्किलिंग के लिए सर्टिफिकेट प्रोग्राम तक पहुंच के साथ कई लाभ प्रदान करेगा। आर्मी के सभी उम्मीदवारों को मौजूदा कोर्स फीस पर 20 प्रतिशत की छूट मिलेगी और एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया में 5 प्रतिशत की छूट मिलेगी (न्यूनतम 45 प्रतिशत स्कोर के साथ)। प्रोजेक्ट वर्क में भी छूट होगी। उम्मीदवारों का उनके कार्य अनुभव के आधार पर वाइवा के माध्यम से मूल्यांकन किया जाएगा। शिक्षार्थियों के लिए लाइव ऑनलाइन कक्षाओं और रिकॉर्ड किए गए सत्रों तक पहुंच मिलेगी।